# University in News on 04 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### 15 जून तक करें योजनाओं के लिए आवेदन

लखनऊ। पिछले सप्ताह कार्य परिषद की मंजूरी मिलने के बाद तीन नई योजनाओं के लिए लविवि में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षक और विद्यार्थियों को इसके लिए 15 जून तक आवेदन करना है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रोत्साहन, उद्दीपन और एक्लेम योजना में अभ्यर्थियों को 15 जून तक आवेदन करना होगा। प्रोत्साहन व उद्दीपन योजना के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को researchcell.uol@gamil पर और एक्लेम योजना के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को deanacademicsclu@gamil.com पर अपने सारे प्रपत्र भरकर आवेदन ई-मेल करना होगा। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर भी आवेदन कर सकते हैं।

### क्रिमिनल लॉ की सुधार समिति में प्रो. बलराज



लखनऊ। लखनऊ विवि के पूर्व शिक्षक और धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विवि के कुलपति प्रो. बलराज चौहान को क्रिमिनल लॉ में सुधार के लिए बनाई गई समिति में शामिल किया गया है। प्रो. बलराज डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विवि के वीसी भी रह चुके हैं। भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्रीप्रकाश ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। प्रो. चौहान को डॉ. मृणाल सिंह के पद से हटने की वजह से रिक्त स्थान पर चयनित किया गया है।

## NBT Page 5

### प्रोत्साहन, उद्दीपन, एक्लेम के लिए 15 तक आवेदन

■ **एनबीटी, लखनऊ** : एलयू में प्रोत्साहन, उद्दीपन और एक्लेम योजना के तहत रिसर्च स्कॉलर्स और शिक्षक को 15 जून तक आवेदन करना होगा। यह जानकारी बुधवार को एलयू कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन और उद्दीपन योजना के लिए researchcell.uol@gamil और एक्लेम योजना के लिए deanacademicsclu@gamil.com पर सभी डॉक्युमेंट्स के साथ ईमेल करना होगा। इसके अलावा अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी जाकर आवेदन कर सकते हैं। वहीं, किसी भी तरह की तकनीकी सहायता के लिए आईक्यूएसी सेल में संपर्क कर सकते हैं।

## i-Next Page 5

### नये आईडिया के लिए 15 जून तक आवेदन

**LUCKNOW (3 June inext): एलयू में शोध छात्रों व शिक्षकों को प्रोत्साहन, नए आईडिया और एक्लेम योजना के लिए 15 जून तक आवेदन कराना होगा. प्रोत्साहन व नए रिसर्च के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को researchcell.uol@gamil पर और एक्लेम योजना के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों को deanacademicsclu@gamil.com पर अपने डॉक्यूमेंट मेल आईडी पर भेजना होगा.**

## DAINIK JAGRAN Page 5

### शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए लविवि ने शुरू की तीन योजनाएं



जागरण संवाददाता, लखनऊ : लविवि ने शोध को बढ़ाने देने के लिए प्रोत्साहन, उद्दीपन और एक्लेल तीन योजनाएं शुरू की हैं। कार्य परिषद की बैठक में इन योजनाओं पर मुहर भी लग गई है।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित सभी सूचनाएं लविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। इसके लिए शिक्षकों और शोधार्थियों से आवेदन भी मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन और उद्दीपन योजना के लिए अधिष्ठाता शोध के पास आवेदन प्रस्तुत करना होगा। वहीं, एक्लेम योजना के लिए अधिष्ठाता (अकादमिक) को अपना आवेदन देना होगा। आवेदन ई-मेल के माध्यम से भी किए जा सकते हैं।